# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**05 November 2025**



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine GK Search Engine GK Search Engine



Yesterday, Quiz:

## Q. हाल ही में किसके द्वारा लिखित पुस्तक "भावेश जो कह न सका" का विमोचन किया जाएगा?

(A) अमन सिंह

(B) सूरज सिंह नेगी

(C) राजेंद्र प्रसाद शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

*ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के पाठक पर्व में 5 नवम्बर को किशोर होते हुए बच्चों के जीवन पर विचार विमर्श करने वाली पुस्तक "भावेश जो कह न सका" का विमोचन होगा।*

*राज्य के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक इस पुस्तक का विमोचन करेंगे।*

*साहित्यकार सूरज सिंह नेगी की पुस्तक "भावेश जो कह न सका" में किशोर वय के बच्चों के जीवन से जुड़े प्रश्नों की पड़ताल करती है, मसलन; मां बाप की ऊंची महत्वाकांक्षाओं, आंखों में देखे गए सपने अपने बच्चों पर थोपने का क्या परिणाम होता है?*

**Yesterday Revision**

⭕. देश का पहला सोलर पार्क जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) जोड़ा जा रहा है, कहाँ विकसित किया जा रहा है?-बीकानेर

⭕. राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम राजस्थान में कब से आयोजित किए जाएंगे?-07 नवम्बर 2025 से

⭕. कोलंबो (श्रीलंका) में आयोजित अंडर-14 एशियन कैटेगरी-2 टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली सौम्या चौधरी किस शहर की रहने वाली हैं- जयपुर

⭕. उत्तर भारत का पहला रोबोटिक इम्प्लांट हब कहाँ स्थापित किया जा रहा है?-जयपुर

⭕. हाल ही में आगरा में आयोजित 18वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान टीम ने कौन-सा पदक जीता?-रजत पदक

**01. राजस्थान सरकार ने डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए कितनी राशि के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है?**

(A) 500 करोड़ रुपये

(B) 750 करोड़ रुपये

(C) 1000 करोड़ रुपये

(D) 1500 करोड़ रुपये

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सरकार ने राज्य में डेयरी क्षेत्र के व्यापक विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये के कोरपस फंड के गठन को मंजूरी दी है।
- यह राशि राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट फंड के रूप में स्वीकृत की गई है। इस निर्णय से राज्यभर की सहकारी डेयरियों और उनसे जुड़े लाखों दुग्ध उत्पादकों को सीधा लाभ मिलेगा।
- इस फंड से आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघों की दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता को 52 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 75 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा।
- अलवर, उदयपुर, बांसवाड़ा, भरतपुर और सवाईमाधोपुर में अत्याधुनिक डेयरी प्लांट्स स्थापित किए जाएंगे।

02. केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण नेतृत्व को नई दिशा देने के उद्देश्य से राजस्थान में कौन-सी नई योजना शुरू करने की तैयारी की गई है?

(A) स्मार्ट पंचायत मिशन

(B) डिजिटल ग्राम विकास योजना

(C) मॉडल ग्राम सभा योजना

(D) युवा पंचायत योजना

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार ने ग्रामीण नेतृत्व को नई दिशा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना - "मॉडल ग्राम सभा" शुरू करने की तैयारी की है।
- केंद्र सरकार इस योजना को पहले चरण में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में लागू करेगी
- इस पहल का उद्देश्य गांवों की स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों में लीडरशिप और लोकतांत्रिक सोच को विकसित करना है, ताकि भविष्य में जागरूक और सक्षम जनप्रतिनिधि पंचायत स्तर पर उभर सकें।
- यह कार्यक्रम पंचायतीराज मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से लागू किया जाएगा।

**03. राजस्थान में 11 से 14 दिसंबर तक जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 का आयोजन किस स्थान पर किया जाएगा?**

(A) सवाई माधोपुर

(B) आमेर किला परिसर

(C) जवाहर कला केन्द्र, जयपुर

(D) जयगढ़ किला

**Important Facts:**

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 3 नवम्बर को जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 के पोस्टर का विमोचन किया
- 11 से 14 दिसंबर तक जवाहर कला केन्द्र में जयपुर टाइगर फेस्टिवल 2025 का आयोजन होगा।
- इस बार फेस्टिवल में 200 से अधिक स्टॉल्स लगाई जाएंगे।
- टाइगर फोटोग्राफी के साथ इस वर्ष टाइगर पेंटिंग्स, वन्यजीव फोटोग्राफ्स और पोस्टल स्टैम्प्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

04. हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा किसानों की क्षमता वृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने के उद्देश्य से कौन-सा कार्यक्रम शुरू किया गया है?

(A) किसान विकास अभियान

(B) नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोग्राम

(C) कृषि शक्ति योजना

(D) स्मार्ट फार्मिंग मिशन

**Important Facts:**

- किसानों की क्षमता वृद्धि एवं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने के उद्देश्य से नॉलेज एन्हांसमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 5 हजार युवा कृषकों को देश के विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षण और भ्रमण हेतु भेजे जाने की योजना शुरू की गई है।
- कृषक ई-मित्र केंद्र, राजकिसान साथी पोर्टल या राज किसान सुविधा मोबाइल ऐप के माध्यम से अपने जनआधार नंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- अंतरराज्यीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन 15 नवम्बर तक आमंत्रित

**05. राजस्थान में 4–6 नवंबर 2025 तक चंद्रभागा मेला 2025 किस स्थान पर आयोजित हो रहा है?**

(a) जयपुर

(b) झालावाड़

(c) उदयपुर

(d) जोधपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ चंद्रभागा मेला 2025 – आस्था और लोक संस्कृति का संगम❄️

📍 स्थान – झालावाड़, राजस्थान

🍀 तिथि – 4–6 नवंबर 2025

✨ चंद्रभागा नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह मेला आस्था, लोक संस्कृति और पशु व्यापार का अनोखा मेल है।

✨ मुख्य आकर्षण – चंद्रभागा स्नान, पशु मेला (ऊँट, गाय, बैल, घोड़े), हस्तशिल्प, लोक नृत्य और ग्रामीण खेल।

§ महत्व – "पूर्वी राजस्थान का पुष्कर मेला" कहा जाता है।

**06. राजस्थान में पहली बार किस बायोलॉजिकल पार्क में जिराफ का जोड़ा लाया जाएगा?**

(A) नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(B) सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

(C) अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- लेकसिटी उदयपुर के वाइल्डलाइफ प्रेमियों और पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य के इतिहास में पहली बार राजस्थान को जिराफ का तोहफा मिलने जा रहा है। सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में अगले साल मार्च तक जिराफ का जोड़ा लाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।
- इसके लिए पार्क प्रबंधन ने गेट नंबर 3 के पास करीब 3 बीघा क्षेत्र में जिराफ का विशेष एनक्लोजर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस परियोजना पर लगभग 1.70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।
- इस लिहाज से मार्च 2026 तक एनक्लोजर पूरी तरह तैयार हो जाएगा।
- इसके बाद एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत देश के अन्य बड़े चिड़ियाघरों से जिराफ का जोड़ा उदयपुर लाया जाएगा। इसके बदले में सज्जनगढ़ बायो पार्क से अन्य वन्यजीव उपलब्ध कराए जाएंगे।

07. राजस्थान के जयपुर में किसके सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा?

(A) लघु उद्योग भारती

(B) रीको

(C) राजसीको

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि लघु उद्योग भारती के सहयोग से जयपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा और इस प्रोग्राम के जरिए लगभग 5000 युवाओं को ट्रेनिंग भी मिलेगी।
- इससे राजस्थान के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे
- केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जयपुर में एक इंटीग्रेशन केंद्र स्थापित करने वाले हैं और यह सेंटर स्टार्टअप्स को रेलवे सेक्टर से जोड़ेगा। यहां पर युवाओं को मेंटरशिप निवेश और नेटवर्किंग की सुविधा मिलेगी।
- जयपुर में एक बड़ा मेंटेनेंस हब बनकर तैयार होगा जहां 12 से 18 ट्रेनों का देखरेख हो पाएगा

08. हाल ही में राजस्थान के किस कलाकार को मूर्ति कला क्षेत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 64वां राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया है?

(A) डॉ. गिरिराज शर्मा

(B) डॉ. कनुप्रिया

(C) उपरोक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- 64वां राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार राजस्थान के 2 कलाकारों को प्रदान किया गया
- 25 सितंबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 20 कलाकारों को राष्ट्रीय ललित कला अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया।
- इसमें राजस्थान के दो कलाकार शामिल हैं –

1. डॉ. गिरिराज शर्मा – मूर्ति कला क्षेत्र (कृति:-कंस्ट्रक्टिव आब्जर्वेशन
2. डॉ. कनुप्रिया – मिक्स्ड मीडिया क्षेत्र (कृति:-Brink of Annihilation)

09. हाल ही में किस भारतीय शहर को UNESCO द्वारा 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी' घोषित किया गया है?

(A) दिल्ली

(B) मुंबई

(C) लखनऊ

(D) भोपाल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- UNESCO ने लखनऊ को घोषित किया 'क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी'
- लखनऊ को उज़्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित UNESCO महासम्मेलन (43वें सत्र) के दौरान क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी का दर्जा प्रदान किया गया।
- लखनऊ को इस लिस्ट में पाक कला श्रेणी में मान्यता दी गई
- यह मान्यता लखनऊ की समृद्ध अवधी व्यंजन परंपरा (जैसे कबाब, बिरयानी, कोरमा और शीरमाल) को सम्मानित करती है, जो शहर की खानपान कला, आतिथ्य और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है।
- लखनऊ इस गौरव को प्राप्त करने वाला हैदराबाद (2019) के बाद भारत का दूसरा शहर बन गया है
- भारत के अब लखनऊ समेत 9 शहरों को UNESCO क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (UCCN) के तहत मान्यता मिली है।

10. हाल ही में किस बैंक ने इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX) पर एक स्पेशल कैटेगरी क्लाइंट (SCC) के रूप में अपना पहला सोने का ट्रेड किया?

(A) पंजाब नेशनल बैंक

(B) बैंक ऑफ बड़ौदा

(C) स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI)

(D) एचडीएफसी बैंक

**Important Facts:**

- स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI) ने इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (IIBX) पर एक स्पेशल कैटेगरी क्लाइंट (SCC) के तौर पर अपना पहला सोने का ट्रेड किया।
- इस कदम से MSME ज्वैलर्स और बुलियन डीलर्स के लिए पारदर्शिता, पहुंच और लागत-प्रभावशीलता को बढ़ावा मिलेगा।
- यह GIFT सिटी के ग्लोबल हब स्टेटस को सुदृढ़ करता है और भारत के बुलियन पारितंत्र के आधुनिकीकरण में सहायता करता है।

**Today, Quiz:**

**Q. देश का पहला सोलर पार्क जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) जोड़ा जा रहा है, कहाँ विकसित किया जा रहा है?**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) बाड़मेर

राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹 🔹

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM
GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK
GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine